# ‘मुख्यमंत्री उद्यमी योजना’ की पहली किस्त के लिये राशि जारी

## चर्चा में क्यों?

16 नवंबर, 2023 को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पटना के बापू सभागार में आयोजित कार्यक्रम में ‘मुख्यमंत्री उद्यमी योजना’ के तहत लाभार्थियों को पहली किस्त के लिये राशि जारी कर दी।

## प्रमुख बिंदु

- ‘मुख्यमंत्री उद्यमी योजना’ के तहत 2023-24 के प्रशिक्षण प्राप्त लाभार्थियों को पहली किस्त जारी किया गया है। पहली किस्त के रूप में चार-चार लाख रुपए भेजे गए।
- विदित हो कि बिहार सरकार के उद्योग विभाग द्वारा राज्य में नए उद्यमों को बढ़ावा देने के लिये बिहार मुख्यमंत्री उद्यमी योजना शुरू की गई है। इस योजना का नाम मुख्यमंत्री उद्यमी अनुदान योजना है।
- इस योजना के तहत उद्योग के लिये लोगों को सरकार की ओर से 10 लाख रुपए तक का ऋण प्रदान किया जाता है, जिस पर 50% सब्सिडी भी दी जाती है। साथ ही ट्रेनिंग के लिये 25 हज़ार रुपए की राशि उपलब्ध कराई जाती है। लोगों को सात साल में ऋण चुकाना होता है।
- ‘मुख्यमंत्री उद्यमी योजना’ के तहत पहली किस्त में 4 लाख रुपए, दूसरी किस्त में 4 लाख रुपए और तीसरी किस्त में 2 लाख रुपए दिये जाते हैं।




PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/funds-released-for-the-first-instalment-of-mukhyamantri-udyami-yojana-